# राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

दीनदयाल उपाध्याय सर्किल के पास, विजय भवन पैलेस, बीकानेर (राज.)


No.: F.(43A)/RAJUVAS/COE/5rd Convocation/2022/805 Date: 16.04.2022

# आवश्यक सूचना

## राजुवास का पंचम दीक्षान्त समारोह 29 अप्रेल 2022

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर का पंचम दीक्षान्त समारोह दिनांक 29 अप्रेल 2022 शुक्रवार को (ऑफ लाईन माध्यम से) विश्वविद्यालय परिसर, बीकानेर में आयोजित होने जा रहा है। इस दीक्षान्त समारोह मे जिन विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2021–22 मे स्नात्तक की परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा जिन विद्यार्थियों का मास्टर्स (निष्णात) एवं विद्या–वाचस्पति स्तर का परीक्षा परिणाम, 31 मार्च 2022 तक घोषित हो चुका है, उन्हीं विधार्थियों को विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह में उपाधि तथा मैडल इत्यादि विश्वविद्यालय नियमानुसार प्रदान किये जायेंगे।

**डिग्री / मैडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित पोशाक :**
**पुरूष** – सफेद रंग का पेन्ट शर्ट, सफेद मौजे, काले जूते।
**महिला** – सफेद सलवार – सूट, सफेद दुपट्टा, काले सैन्डिल।

विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह में उपाधियां व मैडल प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को निदेर्शित किया जाता है कि वह दीक्षान्त समारोह के आयोजन की दिनांक से पूर्व दिनांक 28.04.2022 प्रातः 11 बजे परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दीक्षान्त समारोह की निर्धारित पोशाक में दीक्षान्त समारोह की रिहर्सल हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होवे। दीक्षान्त समारोह के लिए निर्धारित पोशाक की व्यवस्था सम्बन्धित विधार्थी द्वारा अपने स्वयं के स्तर पर करनी होगी। उक्त दीक्षान्त समारोह में उपाधि व मैडल प्राप्त करने वाले विधार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर online पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

इस दीक्षान्त समारोह में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट (**www.rajuvas.org**) पर अपडेट हेतु उपलब्ध जानकारी का अवलोकन करते रहें।

परीक्षा नियंत्रक